आगजनी | घर के सामने खड़ी मोटरसाईकिल भी जला डाली, पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को किया गिरफ्तार

माता-पिता के घर में पुत्र ने लगाई आग

अनूपपुर, नवभारत। कोतवाली अनूपपुर पुलिस ने माता-पिता के घर और मोटरसाइकिल में आग लगाने वाले आरोपी पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक अनूपपुर मोती उर रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जगनाथ मरकाम एवं एसडीओपी सुमित केरकेट्टा के मार्गदर्शन मंन की गई।

पुलिस के अनुसार शनिवार शाम 17 जनवरी को अनूपपुर नगर के वार्ड क्रमांक 2 नदियाटोला निवासी शीला तिवारी ने थाना कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट में बताया गया कि उनका 20 वर्षीय पुत्र शिव तिवारी उर्फ साहिल, जो वर्तमान में उनके साथ नहीं रहता, दोपहर करीब 2 बजे घर में घुसा और माचिस से घर के अंदर आग लगा दी। इसके बाद जलते हुए कपड़ों को बाहर लाकर घर के सामने खड़ी मोटरसाईकिल होंडा शाइन क्रमांक एमपी 65 एमसी 9318 में भी आग लगा दी।

आरोपी आदतन अपराधी है

घटना के बाद कोतवाली पुलिस ने शिकायत पर मामला पंजीबद्ध किया। टीआई कोतवाली अरविन्द जैन के नेतृत्व में गठित पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी शिव तिवारी उर्फ साहिल निवासी वार्ड क्रमांक 2 नदियाटोला को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी आदतन अपराधी है, जिसके विरुद्ध नकबजनी, चोरी, मारपीट, गाली-गलौच, चोट पहुंचाने एवं धमकी देने जैसे आधा दर्जन से अधिक मामले पूर्व से दर्ज हैं। आरोपी से आगे की पूछताछ जारी है और मामले में विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

फरार हत्या का आरोपी पकड़ा गया

थाना अमरकंटक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम बिलासपुर की रहने वाली कविता बाई की हत्या के मामले में पुलिस ने आखिरकार छह माह से फरार आरोपी परदेशी विश्वकर्मा को कोरबा से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया। इस दर्दनाक घटना ने पूरे इलाके में सनसनी फैला दी थी। एसडीओपी नवीन तिवारी के नेतृत्व में पुलिस ने आरोपी की लगातार तलाश की। मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी को 17 जनवरी को जिला कोरबा से गिरफ्तार किया। गिरफ्तारी में निरीक्षक लालबहादुर तिवारी, सहायक उपनिरीक्षक ईश्वर यादव, प्रधान आरक्षक पूरन सिंह, धीरेन्द्र प्रसाद और आरक्षक कृष्णा राजावत की अहम भूमिका रही।

दो नाबालिग आदिवासी छात्राएं लापता

कन्या शिक्षा परिसर आश्रयगृह का मामला, जिम्मेदार अधिकारी रहते हैं नदारद

राजेंद्रग्राम नवभारत 18 जनवरी। जिले के पुष्पराजगढ़ विकासखंड में जनजातीय बालिकाओं के विकास, शिक्षा और सुरक्षा के उद्देश्य से स्थापित शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ के आश्रयगृह की हकीकत बेहद डराने वाली है। जिस परिसर को छात्राओं के लिए सुरक्षित आवासीय विद्यालय होना था, वही आज असुरक्षा, अव्यवस्था और गैर-जिम्मेदारी का केंद्र बनकर रह गया है।

जानकारी के अनुसार छात्रावास की अधीक्षिका बसंता परस्ते एवं प्राचार्य डॉ. चित्रा सोनवानी शासन के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद परिसर में निवास नहीं करतीं, जबकि नियम साफ कहते हैं कि आवासीय विद्यालय में अधीक्षक और प्राचार्य का परिसर में रहना अनिवार्य है। इसी लापरवाही का नतीजा है कि 13

जनवरी को कक्षा 11वीं की दो नाबालिग छात्राएं रहस्यमय तरीके से छात्रावास से लापता हो गईं। पहले भी इसी तरह कक्षा 9वीं की छात्रा जश्मी देवी गायब हो चुकी है। सवाल यह है कि आखिर कब तक आदिवासी बेटियां इस सिस्टम की बलि चढ़ती रहेंगी?

सवालों के घेरे में प्रशासन

लगातार हो रही घटनाओं के बावजूद प्राचार्य और अधीक्षिका ने अपनी जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लिया है। रिपोर्ट दर्ज कराना ही अगर कर्तव्य था, तो परिसर की सुरक्षा कौन देखेगा? सबसे बड़ा सवाल यह है कि अगर इसी तरह आदिवासी छात्राएं लापता होती रहीं, तो इसकी जिम्मेदारी कौन लेगा? क्या विद्यालय प्रशासन, जनजातीय विभाग या जिला प्रशासन? यह मामला केवल लापरवाही नहीं, बल्कि आदिवासी बेटियों की सुरक्षा के साथ सीधा खिलवाड़ है।

जबलपुर से बरामद हुई छात्राएं

14 जनवरी को शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पुष्पराजगढ़ से कक्षा 11वीं की दो छात्राएं अचानक लापता हो गईं, जिससे छात्रावास और स्कूल में हड़कंप मच गया, लेकिन घंटों की खोजबीन के बावजूद कोई ठोस कार्रवाई नजर नहीं आई। एक दिन बीत जाने पर परिजनों के दबाव के बाद थाना राजेंद्रग्राम में गुमशुदगी की सूचना दी गई। मोबाइल लोकेशन के आधार पर दोनों छात्राओं को जबलपुर के आसपास से थाना राजेंद्रग्राम पुलिस ने बरामद कर लाया गया।

जमुना कॉलरी में हिंदू सम्मेलन 22 को

जमुना/कोतमा। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के 100 वर्ष पूर्ण होने के पावन अवसर पर कोयलांचल क्षेत्र में सनातन चेतना को मजबूत करने के उद्देश्य से भव्य एवं ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलनों का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में जमुना कॉलरी क्षेत्र में विशाल हिंदू सम्मेलन को लेकर सनातनी समाज में उत्साह और जागरूकता का माहौल बना हुआ है। आयोजन समिति के अनुसार 22 जनवरी गुरुवार को जमुना कॉलरी स्थित राम जानकी मंदिर, स्टाफ दुर्गा पंडाल में प्रात: 10 बजे से ऐतिहासिक हिंदू सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत धर्मो रक्षति रक्षित:' के उद्घोष के

साथ होगी। सम्मेलन के अंतर्गत शोभायात्रा, विशिष्ट वक्ताओं द्वारा ओजस्वी उद्बोधन तथा विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे, जिनके माध्यम से सनातन धर्म, भारतीय संस्कृति और राष्ट्र चेतना का संदेश जन-जन तक पहुंचाया जाएगा।

सनातन धर्म की एकता प्रदर्शित करे : यादव

इस अवसर पर भाजपा नेता एवं नगर पालिका परिषद पसान के उपाध्यक्ष अजय ताराचंद यादव ने समस्त सनातनी हिंदू समाज से अपील करते हुए कहा कि आरएसएस के 100 वर्ष पूर्ण होना पूरे हिंदू समाज के लिए गर्व का विषय है। उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में सम्मेलन में पहुंचकर सनातन धर्म की एकता, शक्ति और सांस्कृतिक गौरव को प्रदर्शित करने का आह्वान किया।

28 को निकलेगी हिंदू रैली

आयोजकों ने जानकारी दी कि 28 जनवरी को रामलीला मैदान, कोतमा कॉलरी भालूमाडा में विशाल हिंदू समाज का एकत्रीकरण किया जाएगा। यहां से एक भव्य और विशाल हिंदू रैली निकाली जाएगी।

हल्दी, कुमकुम ,सिंदूर नारी शक्ति का प्रतीक

नवभारत, जबलपुर। महावीर रेसिडेंस वेल्फेयर सोसाइटी की महिला समिति द्वारा हल्दी, कुमकुम, सिंदूर कार्यक्रम महावीर कॉलोनी हाथीताल स्थित महावीर गार्डन में भारतीय संस्कृति की परम्परानुसार हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर वर्षा उसरेटे ने बताया कि यह भारतीय संस्कृति की एक महत्वपूर्ण परंपरा है जिसमे हल्दी, सिंदूर, कुमकुम का प्रयोग किया जाता है, यह नारी शक्ति की एकता का भी प्रतीक है। इस अवसर पर वर्षा उसरेटे, सुनीता सोनी, लकी गुप्ता, नीलू पांडे, स्वाती ठाकुर, आरती खराटे, आदि महिलाओं की उपस्थिति रही।

प्रीमियर लीग क्रिकेट की दोगुनी हुई इनामी राशि

मंत्री प्रीमियर लीग के द्वितीय चरण का जायसवाल ने किया शुभारंभ

कोतमा, नवभारत 18 जनवरी। नगर के वार्ड क्रमांक 13 स्थित गुरु द्रोणाचार्य स्टेडियम में आयोजित मंत्री प्रीमियर लीग क्रिकेट के द्वितीय चरण का शुभारंभ मंत्री दिलीप जायसवाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर मंत्री जायसवाल ने खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए बड़ी घोषणा की और प्रतियोगिता की इनामी राशि में उल्लेखनीय बढ़ोतरी की। पूर्व में एमपीएल फाइनल में विजेता को 51 हजार तथा उपविजेता को 31 हजार देने की घोषणा की गई थी, जिसे अब बढ़ाकर विजेता को 1

लाख और उपविजेता को 51 हजार किए जाने की घोषणा की गई।

बिजुरी वार्ड क्रमांक 4 की टीम जीती

द्वितीय चरण का उद्घाटन मुकाबला बिजुरी नगर पालिका अंतर्गत वार्ड क्रमांक 4 और थानगांव के बीच खेला गया। चौकों-छक्कों की बरसात और शानदार गेंदबाजी के बीच हुए इस मुकाबले में बिजुरी वार्ड क्रमांक 4 ने जीत दर्ज की।

वार्ड क्रमांक 4 के खिलाड़ी अंकित को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए मैन ऑफ द मैच का खिताब दिया गया।

इनकी रही उपस्थिति

इस अवसर पर जिला अपर सत्र न्यायाधीश गंगा चरण दुबे की उपस्थिति रही। कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष अजय सराफ, भाजपा मंडल अध्यक्ष पुष्पेंद्र जैन, भाजपा जिला मंत्री प्रभात मिश्रा, नगर पालिका अध्यक्ष सहबीन पनिका, राजनगर नगर परिषद अध्यक्ष यशवंत सिंह, डिग्री मंडल अध्यक्ष रिंकू शर्मा सहित विजय पांडे, रोशन वारसी, भाजपा मीडिया प्रभारी दीपेश जैन, प्रदीप सोनी, अजय तोमर, रंजन शुक्ला आदि उपस्थित रहे।

स्वच्छता साथियों को किया किट का वितरण

▸ पुष्पराजगढ़ में वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम आयोजित

अनूपपुर, नवभारत 18 जनवरी। ग्रामीण क्षेत्रों में निर्मित संस्थानों, सार्वजनिक एवं व्यक्तिगत शौचालयों की नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने के उद्देश्य से ग्रामीण विकास विभाग द्वारा वॉश ऑन व्हील नवाचार कार्यक्रम की शुरुआत की गई है। कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत सीईओ अर्चना कुमारी के मार्गदर्शन में जिले के चारों जनपदों में क्लस्टर स्तरीय स्वच्छता साथियों को सीएसआर मद से स्वच्छता किट उपलब्ध कराने हेतु कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के स्व सहायता भवन में वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम के अंतर्गत स्वच्छता साथियों को स्वच्छता किट का वितरण किया गया।

सफाई उपरांत ऑनलाइन भुगतान की सुविधा

कार्यक्रम में जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ के पूर्व अध्यक्ष एवं दिशा समिति सदस्य हीरा सिंह श्याम तथा जनपद अध्यक्ष मिथिलेश सिंह मरावी ने कहा कि इस योजना के अंतर्गत मोबाइल ऐप के माध्यम से ऑनलाइन डिमांड प्रक्रिया तथा सफाई उपरांत ऑनलाइन भुगतान की सुविधा से आम नागरिकों को सुविधा मिलेगी, वहीं स्वच्छता साथियों को स्वरोजगार के माध्यम से आर्थिक लाभ प्राप्त होगा। उन्होंने नागरिकों से वॉश ऑन व्हील कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अपने-अपने क्षेत्रों में जनजागरूकता फैलाने की अपील की।

प्रकृति के संतुलन हेतु वनों का संरक्षण आवश्यक

एसडीएम ने अनुभूति शिविर में विद्यार्थियों से किया संवाद

अनूपपुर, नवभारत। मध्यप्रदेश ईको पर्यटन बोर्ड के तत्वावधान में वन एवं वन्यप्राणी संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाने हेतु अनुभूति शिविर का आयोजन अनूपपुर वन परिक्षेत्र की वन चौकी किरर तथा अहिरगवां वन परिक्षेत्र की वन चौकी पडमनिया में किया गया। शिविर में बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राओं ने सहभागिता की। किरर में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसडीएम अनूपपुर कमलेश पुरी ने कहा कि प्रकृति के संतुलन के लिए वनों का संरक्षण अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने बताया कि वृक्षों से न केवल ऑक्सीजन प्राप्त होती है बल्कि स्वच्छ वातावरण और जीवन की अन्य मूलभूत आवश्यकताएं भी पूरी होती हैं। वनों को कटाई से बचाना हम सभी का दायित्व है।

सर्पदंश से बचाव के उपाय बताए

वन भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों को

जंगल में स्वतंत्र रूप से विचरण करती उड़न गिलहरी, विभिन्न पक्षी प्रजातियां तथा वनस्पतियों की जानकारी दी गई। अहिरगवां वन परिक्षेत्र की वन चौकी पडमनिया में आयोजित शिविर में परिक्षेत्र अधिकारी अजेंद्र सिंह एवं अन्य अधिकारियों ने बच्चों को वनों में पाए जाने वाले वृक्षों के नाम व उनके वैज्ञानिक नाम बताए। इसके साथ ही संकटापन्न गिद्ध प्रजाति, दीमक के घर, चिपको आंदोलन, ध्यान योग, विभिन्न सर्प प्रजातियां, सर्पदंश से बचाव एवं समय पर चिकित्सीय उपचार की जानकारी दी गई।

इनकी रही उपस्थिति

कार्यक्रम में वन परिक्षेत्र अधिकारी स्वर्ण गौरव सिंह, राजेंद्रग्राम परिक्षेत्राधिकारी शिवम कोष्टी, ग्राम पंचायत औढेरा की सरपंच श्यामबाई सिंह, अनुभूति प्रेरक शशिधर अग्रवाल, स्वास्थ्य केंद्र सकरा की डॉक्टर दीपा खत्री, कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अनूपपुर के प्राचार्य डॉ. कौशलेंद्र सिंह सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, शिक्षक एवं ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

संतों के साथ अभद्रता शर्मनाक : श्रीधर शर्मा

अमरकंटक। परम धर्म सांसद श्रीधर शर्मा ने व्यथित मन और आक्रोशित स्वर में वर्तमान सरकार और उनकी सुरक्षा प्रणाली पर तंज कसते हुए कहा कि प्रयागराज में मां गंगा की पावन धरा जहां साधु संतों की तपोस्थली के रूप में शुमार है और कई संतों ने अपने तपोबल से मां गंगा के पावन धाम को सुसज्जित किया, आज वर्तमान समय में साधुओं और संतों को अपमान और उद्दंड मानसिकता का दंश झेलना पड़ रहा है जो कि आने वाले समय में सृष्टि के संचालन के दृष्टिगत उचित नहीं है और वर्तमान सरकार और उनकी सुरक्षा प्रणाली की यह शर्मनाक हरकत है, जो कि इस देश में सनातनी ध्वज को लेकर अग्रसर समस्त सनातनियों को प्रताड़ित करने पर आमादा हैं और निरंतर इस प्रकार के कृत्य आम हो चले हैं। श्री शर्मा ने बताया कि यह सुनकर मन व्यथित है कि ज्योतिष पीठ के शंकराचार्य परम पूज्य गुरुदेव स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद महाराज अपने शिष्यों सहित मां गंगा के दर्शन व स्नान के लिए प्रयागराज पहुंचे थे, जहां सुरक्षा व्यवस्था संभाल रही उत्तर प्रदेश पुलिस योगी राज में गुंडाराज चलाती हुई दिखाई दी।

577 में से 557 विद्यार्थी परीक्षा में हुए शामिल

विद्या निकेतन में जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा आयोजित

बदरा अनूपपुर 18 जनवरी। जिला स्तरीय ओलंपियाड परीक्षा का दो दिवसीय आयोजन शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय विद्या निकेतन बदरा में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। परीक्षा 16 एवं 17 जनवरी को विभिन्न पालियों में आयोजित की गई। जिला परियोजना समन्वयक आशुतोष कुशवाहा एवं बीआरसीसी राजमणि पांडेय के कुशल मार्गदर्शन में आयोजित इस परीक्षा में जिले भर से चयनित मेधावी विद्यार्थियों ने भाग लिया। केंद्र अध्यक्ष सुरेंद्र कुमार तिवारी एवं सहायक केंद्र अध्यक्ष शिवनारायण शर्मा के साथ घनश्याम चंदेल और उदित नारायण पांडेय ने परीक्षा संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। परीक्षा के दौरान अनुशासन एवं पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखा गया

ऐसी परीक्षा से बढ़ती है तार्किक क्षमता : पांडेय

परीक्षा को विषयवार एवं स्तरवार 3 से 4 पालियों में विभाजित किया गया, जिसमें प्राथमिक स्तर (कक्षा 2 से 5) एवं माध्यमिक स्तर (कक्षा 6 से 8) के विद्यार्थी सम्मिलित हुए। कुल चयनित 577 छात्रों में से 557 छात्रों ने परीक्षा में सहभागिता की। बीआरसीसी पांडेय ने बताया कि ऐसी प्रतियोगिताएं ग्रामीण क्षेत्र के विद्यार्थियों में तार्किक क्षमता, प्रतिस्पर्धा की भावना और आत्मविश्वास को मजबूत करती हैं अंत में सफल आयोजन के लिए समस्त स्टाफ का आभार व्यक्त किया गया

वेंकटनगर में रेल रोको आंदोलन अब 10 फरवरी को

अनूपपुर, नवभारत। पुष्पराजगढ़ विधानसभा क्षेत्र के विधायक फुन्देलाल सिंह मार्को ने बताया कि वेंकटनगर में 19 जनवरी को प्रस्तावित रेल रोको आंदोलन को आगे बढ़ा दिया गया है। अब यह आंदोलन 10 फरवरी को किया जाएगा। विधायक मार्को ने जानकारी देते हुए बताया कि उन्होंने सहायक वाणिज्य प्रबंधक (कोचिंग) दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर को पत्र प्रेषित किया है। उन्होंने कहा कि वेंकटनगर एवं निगौरा क्षेत्र में यात्री ट्रेनों के ठहराव नहीं होने से क्षेत्र की जनता में लगातार आक्रोश बढ़ रहा है। उन्होंने बताया कि जनता द्वारा 19 जनवरी को वेंकटनगर स्टेशन पर रेल रोको आंदोलन प्रस्तावित किया गया था।

सम्मेलन | जहाधाम हनुमान मंदिर में हिन्दू सम्मेलन आयोजित, शोभायात्रा का पुष्पवर्षा कर किया स्वागत

राष्ट्र की मजबूती के लिए की गई संघ की स्थापना : नामदेव

अनूपपुर, नवभारत 18 जनवरी। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के अवसर पर रविवार को अनूपपुर के रजहाधाम हनुमान मंदिर में हिन्दू सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन को संबोधित करते हुए मुख्य वक्ता एवं समाजसेवी दीपक नामदेव ने कहा कि राष्ट्र की मजबूती, अनुशासित नागरिकों के निर्माण और हिन्दू समाज की एकजुटता के उद्देश्य से संघ की स्थापना की गई। उन्होंने वीर शिवाजी महाराणा प्रताप और गुरु गोविन्द सिंह के संघर्ष और बलिदान का स्मरण करते हुए कहा कि देशभक्ति, कर्तव्यनिष्ठा और संस्कारों के बिना राष्ट्र सशक्त नहीं बन सकता। दीपक नामदेव ने कहा कि संघ महापुरुषों द्वारा दिखाए गए मार्ग पर चलते हुए सामाजिक समरसता, स्वदेशी और स्व के भाव को सुदृढ़ करता आया है। उन्होंने अधिकारों से पहले कर्तव्यों को महत्व देने पर जोर दिया।

बूढ़ी माई मंदिर से निकली शोभायात्रा

हिन्दू सम्मेलन का शुभारंभ बूढ़ी माई मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ हुआ। इसके बाद भारत माता की झांकी के साथ भव्य शोभा यात्रा निकाली गई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने भारत माता की जय, वंदे मातरम् और जय श्रीराम के जयघोष लगाए। यात्रा का विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। कार्यक्रम स्थल पर भारत माता की आरती, सुन्दरकाण्ड पाठ और समरसता भोज का आयोजन हुआ।

संघ शताब्दी वर्ष में होंगे 55 सम्मेलन

आयोजन समिति के अनुसार संघ के शताब्दी वर्ष 2025 के तहत जिले में लगभग 55 स्थानों पर हिन्दू सम्मेलनों का आयोजन किया जाएगा। 18 जनवरी को पुरानी बस्ती में नगर और जिले का पहला हिन्दू सम्मेलन आयोजित हुआ, जबकि शंकर मंदिर चौक, रामजानकी मंदिर और सामतपुर शिव-मारुति मंदिर में अन्य सम्मेलन प्रस्तावित हैं।

जनपद स्तरीय विशेष शिविर होंगे आयोजित

अनूपपुर, नवभारत। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के अंतर्गत आवेदकों के बैंक शाखावार प्रेरित प्रकरणों के शीघ्र निराकरण के लिए जिला पंचायत अनूपपुर द्वारा जनपद स्तर पर विशेष शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत की मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती अर्चना कुमारी ने इस संबंध में आवश्यक निर्देश जारी किए हैं। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जनपद पंचायत पुष्पराजगढ़ में 19 जनवरी, जनपद पंचायत कोतमा में 20 जनवरी, जनपद जैतहरी में 21 जनवरी तथा जनपद अनूपपुर में 22 जनवरी को विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों में संबंधित जनपद की सभी बैंक शाखाओं के अधिकारियों की उपस्थिति अनिवार्य होगी। अधिकारी योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की स्वीकार्यता, प्रकरणों के निराकरण एवं पात्र हितग्राहियों को राशि वितरण की कार्यवाही करेंगे।

कार्यालय नगरपालिका परिषद् बिजुरी, जिला-अनूपपुर (म.प्र.)

Phone / Fax No. : 07658-264242, Email : cmobijuri@mpurban.gov.in,

क्रं./1843 /न.पा./लो.नि./2026 **ई - निविदा आमंत्रण सूचना** बिजुरी, दिनांक :- 09/01/2026

एतद् द्वारा मध्यप्रदेश लोक निर्माण विभाग मे केन्द्रीकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदार, पंजीकृत फर्म को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित कार्य की निकाय द्वारा ई-निविदा आमंत्रित की गई है।

क्रं.	ई-निविदा क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत	अमानत राशि	निविदा प्रपत्र शुल्क	ऑनलाईन निविदा प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि
1	2	3	4	5	6	7
01.	2026_UAD_474363_1	Constructionof BT road from Bus stand Bijuri to Staff colony Mauhari Road	253.59 लाख	126800.00	15000.00	09-02-2026 (17:30 HRS)
02.	2026_UAD_474383_1	CONSTRUCTION OF DEENDAYAL RASOI AT SABJI MANDI GROUND WARDN 09	51.45 लाख	38592.00	10000.00	09-02-2026 (17:30 HRS)

01. निविदा प्रस्तुत करने संबंधी समस्त जानकारी वेबसाईट (https://mptenders.gov.in) में नि:शुल्क देखी व प्राप्त की जा सकती है।
02. बिड प्रस्तुतिकरण (ऑनलाईन) तिथि एवं अन्य जानकारी BID DATA SHEET व "KEY DATES" में देखी जा सकती है।
03. निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन केवल वेबसाईट में किया जावेगा, समाचार पत्र में नहीं।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपालिका परिषद् बिजुरी
जिला - अनूपपुर (म.प्र.)